

# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-18 मंगलवार, दिनांक-23 जुलाई, 2019 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.24 बजे अपराह्न तक ।**

[1] प्रश्नकाल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 02 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 99 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री सत्यदेव राम, श्री राजेन्द्र कुमार, श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव, श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, श्री मो० नवाज आलम एवं श्री सरोज यादव से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव

(ii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह

(iii) श्री अशोक कुमार सिंह (203)

(iv) श्री मो० नेमतुल्लाह

(v) श्री संजय कुमार तिवारी

(vi) श्री ललन पासवान

(vii) श्री समीर कुमार महासेठ

(viii) श्री प्रह्लाद यादव

(ix) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान

(x) श्री नन्द कुमार राय

(xi) श्री सरोज यादव

(xii) श्री राजेन्द्र कुमार

(xiii) श्री सुबोध राय

(xiv) श्री विजय कुमार खेमका

| | | | |
|---|---|---|---|
| (xv) | श्रीमती भागीरथी देवी | (xvi) | श्री फैसल रहमान |
| (xvii) | डा० सी०एन० गुप्ता | (xviii) | श्री मिथिलेश तिवारी |
| (xix) | श्री शत्रुधन तिवारी | (xx) | श्री राम विशुन सिंह |
| (xxi) | श्री सिद्धार्थ | (xxii) | श्री रत्नेश सादा |
| (xxiii) | श्री मो० नवाज आलम | (xxiv) | श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह |
| (xxv) | श्री रामचन्द्र सहनी | (xxvi) | श्री विद्या सागर केशरी |
| (xxvii) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव | (xxviii) | श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव |
| (xxix) | श्री चन्द्रशेखर | (xxx) | श्री सत्यदेव राम |
| (xxxi) | श्री सुदामा प्रसाद | (xxxii) | श्री शमीम अहमद |
| (xxxiii) | श्री जिवेश कुमार | (xxxiv) | श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव |

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य डा० रामानुज प्रसाद के उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री द्वारा समय की मांग किए जाने के फलस्वरूप आसन द्वारा इसे स्थगित करने की घोषणा की गई ।

(ii) माननीय सदस्य श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह एवं अन्य ग्यारह सभासदों के पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, पथ निर्माण द्वारा समय की मांग किए जाने के फलस्वरूप आसन द्वारा इसे स्थगित करने की घोषणा की गई ।

[5] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय सभापति, लोक लेखा समिति श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा समिति का 687वाँ, 688वाँ, 689वाँ, 690वाँ, 691वाँ एवं 692वें प्रतिवेदन की एक एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय सभापति, सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति, श्री हरि नारायण सिंह द्वारा समिति का 205वाँ, 206वाँ, एवं 207वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.23 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग (ग्रामीण कार्य विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, श्री शैलेश कुमार द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री रामदेव राय द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य डॉ० अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया)

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री ललित कुमार यादव

(माननीय अध्यासी सदस्य श्रीमती डॉ० रंजु गीता ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री प्रभुनाथ प्रसाद
(iii) श्री संजीव चौरसिया
(iv) श्री लाल बाबू राम
(v) श्री हेम नारायण साह
(vi) श्री जिवेश कुमार
(vii) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव
(viii) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान
(ix) श्री अचमित ऋषिदेव
(x) श्री सत्यदेव प्रसाद सिंह
(xi) श्री सिद्धार्थ
(xii) श्री मनोज कुमार
(xiii) श्री प्रह्लाद यादव
(xiv) श्री सत्यदेव राम
(xv) श्री सुबोध राय

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, श्री शैलेश कुमार द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमण कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री रामदेव राय का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी में ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ तथा शेष अनुदानों की मांगे बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुए ।

तत्पश्चात् विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में वापस आ गए ।

**[7] विधायी कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक**
**"बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2019"**

माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विधेयक पर विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति के उपरान्त बारी-बारी से सभी खण्ड विधेयक के अंग बने । तदोपरान्त माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

स्वीकृति के प्रस्ताव पर माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा अपना पक्ष रखा गया ।

तदोपरान्त माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा उत्तर दिया गया ।

तत्पश्चात् बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2019 सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 41 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-24 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.07.2019

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।